# टकसाल पहुंचे विनोद सुल्तानपुरी को लोगों ने लड्डुओं से तोला, विधायक ने किया कांग्रेस कार्यालय का उद्घाटन

**8 इस दौरान विधायक ने लोगों की समस्याओं को सुना व उनके अति शीघ्र निवारण का आश्वासन दिया।**



**परवाणू/विमल ग्रोवर**
कसौली के विधायक विनोद सुल्तानपुरी के ग्राम पंचायत टकसाल के दौरे के दौरान लोगों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत करते हुए उन्हें लड्डुओ से तोला। इस दौरान विधायक ने लोगों की समस्याओं को सुना व उनके अति शीघ्र निवारण का आश्वासन दिया। इस से पूर्व विधायक विनोद सुल्तानपुरी ने टकसाल के युवा कांग्रेस कार्यकताओं द्वारा परवाणू में खोले गए कार्यालय का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा की कार्यालय में एक रजिस्टर मेन्टेन किया जाएगा, जिसमे लोग आ कर अपनी समस्या दर्ज करवा सकते है, जिनका जल्द जल्द से हल निकला जाएगा। इस अवसर पर युवक कसौली ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष रोशन ठाकुर, कांग्रेस नेता सुरेंद्र सेठी, परवाणू के व्यवसायी वीरेंद्र शर्मा, युवक कांग्रेस नेता पवन कुमार, संजीव कुमार, संजू चांदला, सुदर्शन गिल, सोनू, विशाल, अरुण, सौरव, अशोक, मनीष, रोबिन, सुनील-अमित व आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर ग्राम पंचायत टकसाल के मंदिर में विधायक सुल्तानपुरी ने लोगों की समस्याओं को बड़े ध्यानपूर्वक सुना, जिसमें पानी व सडक की समस्या लोगो द्वारा प्रमुखता से उठाई गई। सभी ग्रामवासियों ने विधायक सुल्तानपुरी से अनुरोध किया कि इस समस्या का हल पिछले कई वर्षों से नहीं निकला गया है, जबकि इस दौरान कई सरकारें आई और गई परन्तु समस्या जैसी थी आज भी वैसी ही है।

विधायक विनोद सुल्तानपुरी ने अपने संबोधन में कहा कि टकसाल मेरा अपना घर है। यहां की समस्याओं का जल्द ही निपटारा करने का पूरा प्रयास करूंगा। विनोद सुल्तानपुरी ने कहा की मेरे लिए भाजपा और कांग्रेस के लोग बराबर के साथी हैं। लोगों के काम बिना किसी द्वेष भाव के किए जाएंगे। हम सब ने एक साथ मिलकर इन समस्याओं का समाधान करना है। उन्होंने टकसाल के युवक कांग्रेस कार्यकर्ताओ द्वारा परवाणू में खोले गए कार्यालय की सराहना करते हुए कहा की इस से लोगो को अपनी समस्या को शेयर करने में सहूलियत होगी। उन्होंने कहा कि लोगों की जो भी समस्या होगी, वे उसे वहा रखे रजिस्टर में दर्ज कर सकते है।

वे समय समय पर रजिस्टर का अवलोकन करते रहेंगे व लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता के तौर पर हल करेंगे। उन्होंने कहा की लोग सीधे आकर भी उनसे मिल सकते है।

## तनोह पंचायत में 57 लाख से बनेगी सड़क, विधायक भुट्टो ने किया भूमि पूजन



**ऊना/राजन पुरी**
कुटलैहड़ विस क्षेत्र की तनोह पंचायत के गांव डडयार में हरिजन बस्ती के लिए बनने वाली 57 लाख की लागत से डेढ़ किलोमीटर सडक का कुटलैहड के विधायक देवेंद्र भुटटो ने भूमि पूजन किया। विधायक भुटटो ने कहा कि उक्त सडक से डेढ़ किमी की आबादी वाले दर्जनों परिवारों को सडक सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि उक्त गांव के कुछ लोगो द्वारा भूमि विवाद को लेकर सडक निर्माण में देरी हुई है और उक्त सडक की निकासी बदली गई है। भुटटो ने कहा कि कुटलैहड़ विस क्षेत्र में समग्र विकास मेरी प्राथमिकता है और हर संभव प्रयासों से कुटलैहड़ विस क्षेत्र के हर गांव से शहर तक विकास को गति प्रदान की जाएगी। भुटटो ने कहा कि कुटलैहड़ की हर पंचायत के विकास का रिपोर्ट कार्ड पंचायत सचिव एवं प्रधान उपप्रधान बीडीसी सदस्यों से मांगा गया है, ताकि यह जानकारी उपलब्ध करवाई जा सके कि कौन सी पंचायत में कितने पैसे विकास पर खर्च हो रहे है। भुटटो ने कहा कि कुटलैहड़ विस क्षेत्र का विकास बिना किसी राजनीति एवं द्वेष भाव से किया जाएगा। वही इस मौके पर विधायक देवेंद्र भुटटो ने जन समस्याओं को भी सुना।

## होली पर मेन बाजार ऊना में लगाया गोल गप्पे का लंगर




**ऊना/राजन पुरी**
बाबा अमरना3थ समिति द्वारा मेन बाजार ऊना में होली पर्व पर गोल गप्पे का लंगर लगाया गया। जानकारी देते हुए समिति के अध्यक्ष पवन जगोता ने बताया कि बाबा अमर नाथ समिति के द्वारा अनेक प्रकार समाजिक भलाई के कार्य भी किए जाते है।

उन्होंने बताया कि समिति की ओर से गरीब परिवारों की बेटियों की शादी, जरूरतमंद व असहाय बच्चों की पढाई एवं हर साल सभी त्यौहारों पर लंगर लगाया जाता है। लंगर के दौरान राकेश सामा, नरेश कपिला, राजेश पुरी, हरि ओम, रमेश मेहता, राजेश पुरी धारी, सुनील, खामोश जैतक, प्रिंस खुल्लर, मुनीश कपिला, सजीव कुमार, संजय कपिला, प्रमोद कपिला व अशोक पुरी ने विशेष रूप से अपनी सेवाएं दी।

## कांगड में ग्रिप के हमले से व्यक्ति लहुलूहान
## शिकायत के बाद दो के खिलाफ मामला दर्ज

**ऊना/राजन पुरी**
थाना हरोली के तहत कांगड़ में दो युवकों ने एक व्यक्ति पर ग्रिप से हमला कर लहुलूहान कर दिया। मारपीट में व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसका स्थानीय अस्पताल में उपचार करवाया गया। वहीं पुलिस ने घायल व्यक्ति की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में विनोद कुमार निवासी कांगड ने बताया कि बुधवार शाम को अपनी गाड़ी लेकर घर से निकला ही था कि पीछे से आ रही एक सफेद कार सवार गांव के ही विक्क व दिव्याशुं उर्फ काका ने एक बीयर की बोतल मेरी गाड़ी की तरफ फैंकी। जैसे ही मैंने अपनी गाड़ी से उतर कर दोनों से बात करनी चाही, तो विक्की व दिव्याशुं गाली-गलौच व मारपीट करने लग गए। इतना ही नहीं दिव्याशुं उर्फ काका ने ग्रिप निकालकर सिर पर मार दिया। ग्रिप के हमले में विनोद कुमार लहुलूहान हो गया। जान बचाकर भागने पर दोनों युवकों ने पत्थर मारने लग पड़े। स्थानीय लोगों की सहायता से घायल को ईलाज के लिए हरोली अस्पताल ले जाया गया। मामले की पुष्टि करते हुए एएसपी प्रवीण धीमान ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## नंदपुर में स्कॉर्पियों ने कार में मारी टक्कर, चालक जख्मी



**ऊना/राजन पुरी**
उपमंडल अंब के तहत नंदपुर गांव में एक स्कॉर्पियो ने अल्टो कार को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गाडि?ों के चालक घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए सिविल अस्पताल लाया गया और उनका मेडिकल करवाने के बाद पुलिस ने उन्हें घर भेज दिया। पार्टियों में आपसी समझौता हो जाने के चलते इस संदर्भ में कोई मामला दर्ज नहीं हुआ है। जानकारी अनुसार रमण कुमार बुधवार देर रात अपनी स्कॉर्पियो लेकर ऊना की तरफ जा रहा था। इसी दौरान नंदपुर में उसकी स्कॉर्पियो सामने से आ रही अल्टो कार में टकरा गई। टक्कर इतनी भयंकर थी स्कॉर्पियो कार में टकराने के बाद लुढकती हुई कार से लगभग 60 फीट दूर जाकर रुकी।

इस टक्कर में ऑल्टो कार का अगला और स्कॉर्पियो का पिछला टायर भी फट गया। दोनों घायलों को स्थानीय लोग उपचार के लिए सिविल अस्पताल ले आए। वीरवार को दोनों पार्टियों का अंब थाना में समझौता हो जाने के चलते कोई मामला दर्ज नहीं हुआ है।

एसएचओ अंब आशीष पठानिया ने मामले की पुष्टि की है।

## महिलाओं को तीर्थ यात्रा करवाएगी सरकार: मुकेश



**ऊना/राजन पुरी**
अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय समारोह का आयोजन लता मंगेशकर कला केंद्र समूर कलां में किया गया। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की, जबकि उनकी धर्मपत्नी डॉक्टर सिम्मी अग्निहोत्री भी समारोह में विशेष रूप से पहुंची। समारोह के दौरान आईसीडीएस के तहत विभिन्न आंगनवाड़ी केंद्र कार्यकताओं ने शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। इस दौरान विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म अदा करने के साथ साथ नवजात शिशुओं का अन्नप्राशन भी करवाया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित किये गए जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। वहीं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत शुरू की गई विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को भी सम्मानित किया गया। उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं को जल्द ही तीर्थ यात्रा पर ले जाने का काम शुरू कर रही है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के सरकार के गठन में भी महिलाओं की भूमिका शानदार रही है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को लेकर जो वायदा कांग्रेस ने चुनाव से पूर्व किया था उसे हर हाल में पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश देवभूमि है और हमारे समाज में महिलाओं को उचित सम्मान की परम्परा है। उन्होंने कहा कि मेरे 5 बार के विधायक बनने में महिलाओं का बहुत बड़ा योगदान रहा है। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार का मुख्य एजेंडा केवल विकास, कल्याण और गरीबों की सेवा करना है।

## जगत सिंह नेगी व सीपीएस सुंदर सिंह ठाकुर ने काशंग व शोंगटोंग परियोजनाओं का किया निरीक्षण
### परियोजना अधिकारियों को जमीनी स्तर पर उतरकर कार्य करने के दिए निर्देश



**किन्नौर/अनिल**
राजस्व, बागवानी एवं जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी तथा मुख्य संसदीय सचिव बहुउद्देशीय परियोजनाएं विद्युत, पर्यटन, वन एवं परिवहन सुंदर सिंह ठाकुर ने गत दिवस को जिला किन्नौर के पांगी गांव स्थित कांशंग जल विद्युत परियोजना तथा शोंगटोंग जल विद्युत परियोजना का निरीक्षण किया और परियोजनाओं के अधिकारियों को कार्य गति को बढ़ाने के निर्देश दिए।काशंग परियोजना का निरीक्षण करते हुए केबिनेट मंत्री व सीपीएस ने परियोजना अधिकारियों को परियोजना स्थल के लिए जाने वाले सडक मार्ग को दुरूस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सुरंग से निकलने वाले मलबे का इस्तेमाल सडक मार्ग की सोलिंग के लिए किया जाए। इसके अतिरिक्त उन्होंने शरद ऋ तु के चलते बंद पड़े कार्य को जल्द शुरू करने तथा कार्यस्थल पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने के निर्देश दिए। इसके उपरान्त केबिनेट मंत्री व सीपीएस ने काशंग परियोजना में लगे कामगारों के लिए उपलब्ध करवाई गई आवासीय सुविधा का भी जायजा लिया।

इसके उपरान्त केबिनेट मंत्री व सीपीएस ने काशंग पावर हाउस का भी निरीक्षण किया और परियोजना अधिकारियों को जमीनी स्तर पर उतरकर कार्य करने के निर्देश दिए ताकि परियोजना कार्य को गति मिल सके।शोंगटोंग परियोजना का निरीक्षण करते हुए केबिनेट मंत्री व सीपीएस को वहां उपस्थित कामगारों ने मेहनताना समय पर न मिलने की समस्या से अवगत करवाया जिस पर उन्होंने संज्ञान लेते हुए परियोजना अधिकारियों को कामगारों को समय पर मेहनताना देने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने कामगारों की अन्य समस्याओं का निदान भी आने वाले समय में करने का आश्वासन दिया। इसके उपरान्त केबिनेट मंत्री व सीपीएस ने शोंगटोंग परियोजना के एचआरटी सुरंग व सर्जशॉफ्ट का भी निरीक्षण किया।

## जीवन और स्वास्थ्य की रक्षा हेतु रक्तदान का बहुत बड़ा महत्व



**मंडी/खेमचंद शास्त्री**
वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी में रेडक्रॉस क्लब व रेड रिबन क्लब ने संयुक्त रूप से रक्तदान शिविर का आयोजन किया। रक्तदान शिविर में महाविद्यालय के प्रोफेसरों व विद्यार्थियों ने रक्तदान किया। रेडक्रॉस क्लब मंडी के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. चमन ने कहा कि जीवन और स्वास्थ्य की रक्षा हेतु रक्तदान का बहुत बड़ा महत्व है। रक्तदान कर युवा समाज में सकारात्मक भूमिका निभा सकते हैं। रक्तदान शिविरों से जुडकर सामाजिक कुरीतियों व नशे पर अंकुश लगाया जा सकता है। रेड क्रॉस क्लब व रेड रिबन क्लब स्वास्थ्य जागरूकता, पारस्परिक समझ, मित्रता, सहयोग व स्थाई शांति को बढ़ावा देने के लिए रक्तदान शिविरों, स्वास्थ्य व पर्यावरण जागरूकता रैलियों, सेमिनारों, पोस्टर मेकिंग, डॉक्यूमेंट्री फिल्मों व विषय विशेषज्ञों के भाषण, संवाद कार्यक्रम आयोजित करते हैं। रेड रिबन क्लब कार्यक्रम की अधिकारी डॉ. राधिका जमवाल ने कहा कि राष्ट्रीय महिला दिवस पर रक्तदान शिविर व संगोष्ठी का आयोजन किया गया। नेता जी सुभाष चंद्र बोस मंडी में कार्यरत काउंसलर श्याम लता ने विद्यार्थियों को एड्स व संक्रमित रोगों पर बहुमूल्य जानकारी प्रदान की। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जसवंत सिंह ठाकुर ने कहा कि फ्लाइंग ऑफिसर डॉ. चमन ने 15वीं बार रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की। इस अवसर पर पत्रकारिता एवं जनसंचार विभागाध्यक्ष व रेडक्रॉस क्लब के कार्यक्रम अधिकारी फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन, भूगोल विभागध्यक्ष प्रदीप कुमार व भौतिकी विभाग के प्रोफेसर डॉ. दिलीप कुमार ने विद्यार्थियों के साथ रक्तदान किया।

## केंद्र सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतरी कांग्रेस
### स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के समक्ष किया विरोध प्रदर्शन



**ऊना/राजन पुरी**
जिला ऊना के पांचो विधानसभा क्षेत्र में केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ कांग्रेस ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए वित्तीय संस्थानों को तबाह करने का आरोप लगाया। ऊना विधानसभा क्षेत्र में ब्लॉक अध्यक्ष रविंद्र सहोड़, कुटलैहड़ में विधायक देवेंद्र भुट्टो, हरोली में ब्लॉक अध्यक्ष विनोद बिट्टू, चिंतपूर्णी में पूर्व अध्यक्ष मास्टर प्रीतम जंबाल, व गगरेट में सुरेंद्र ठाकुर की अध्यक्षता में कांग्रेस कार्यकताओं ने एसबीआई के समक्ष प्रदर्शन किया। कांग्रेस का आरोप है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चहेते कारोबारियों को नियमों को ताक पर रखकर सरकारी धन लुटाया है। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार जनता की खून पसीने की कमाई को अपने चहेतों पर लुटा रही है, जबकि देश में हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। विधायक देवेंद्र भुट्टो ने कहा कि आज देश का हर नागरिक केंद्र सरकार से दुखी है। अब तो किसान एवं व्यापारियों में यही डर है कि अगर हमने बैंक में पैसे जमा करवा दिए, तो पता नहीं कौन सा अडानी हमारे पैसे को गबन कर दें। उन्होंने कहा कि देश में वित्तीय हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं, जिसकी जिम्मेदार वर्तमान केंद्र सरकार है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने चहेते कारोबारियों पर अनुचित तरीके से सरकारी धन लुटाने में लगे हैं। उन्होंने कहा कि जितने भी बड़े कारोबारी लाखों-करोड़ों रुपये कर्ज लेकर देश से भागे हैं, उन पर सरकार कोई कार्रवाई नहीं कर सकी है। उन्होंने कहा कि फिलहाल कांग्रेस ब्लॉक स्तर पर केंद्र सरकार को जगाने के लिए विरोध प्रदर्शन कर रही है, लेकिन जरूरत पड़ी तो इसे एक जनांदोलन बनाते हुए ग्रामीण क्षेत्र से राष्ट्रीय पटल तक भी ले जाया जाएगा।

## स्कूली बच्चों की वर्दी बंद करना दुर्भाग्यपूर्ण: सुरेश कश्यप



**शिमला/चमन शर्मा**
भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सुरेश कश्यप ने हिमाचल के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से भेंट की उन्होंने इस मुलाकात के दौरान उनका कुशलक्षेम जाना और अनेकों महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। इस अवसर पर सुरेश कश्यप ने कहा कि भाजपा की जिला आक्रोश रैली पूरे प्रदेश भर में चल रही है और 13 मार्च, 2030 को भाजपा जिला शिमला में आक्रोश रैली का आयोजन करेगी जा रही है, इसके उपरांत भाजपा विधायक दल के नेता राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल को पूरे प्रदेश भर से आए हस्ताक्षर एकत्र कर सौंपेगी। यह हस्ताक्षर मंडल स्तर से मंडल अध्यक्ष और 2022 के प्रत्याशियों के माध्यम से पार्टी को पहुंचाए जा रहे है।13 मार्च की आक्रोश रैली में जिला शिमला के कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से हिमाचल प्रदेश की सरकार ने सरकारी स्कूलों में स्टूडेंट्स की मुफ्त वर्दी को बंद कर दिया है यह दुर्भाग्यपूर्ण है। भाजपा सरकार ने जयराम ठाकुर के नेतृत्व में पहली कक्षा से लेकर बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों को मुफ्त में वर्दी प्रदान की थी और उसके साथ-साथ 1 से 10 वीं कक्षा के विद्यार्थियों को 200 रू वर्दी सिलाई की भी उपलब्ध करवाए जाते थे, इस कांग्रेस सरकार ने आते ही इस वर्दी को बंद कर दिया है। भाजपा सरकार स्कूलों में 8 लाख बच्चों को वर्दी मुफ्त प्रदान करती थी और यह कांग्रेस सरकार केवल 3.70 लाख बच्चों को केवल 600 रू वर्दी हेतु प्रदान करेगी। यह 600 रू भी केंद्र की स्कीम के अंतर्गत हिमाचल को मिल रहे है, इसका मतलब हिमाचल का योगदान जीरो। कश्यप ने कहा कि हिमाचल प्रदेश लोकतंत्र प्रहरी सम्मान योजना भी इस सरकार ने बंद कर दी है, जोकि अपने आप में एक बहुत दुर्भाग्यपूर्ण बात है। यह योजना उन लोगों के लिए शुरू की गई थी जिन्होंने इमरजेंसी के दौरान जेल काटी थी और जो लोग जेल में रहे थे। वह लोग आज बुजुर्ग हो चुके हैं या उनकी विधवाओं को यह पेंशन लगी थी, मिसा एक्ट 1971 या डिफेंस ऑफ इंडिया रूल 1971 में इमरजेंसी के दौरान हिमाचल प्रदेश के कई लोकतंत्र प्रहरियों ने जेल काटी थी। पूर्व की जय राम ठाकुर सरकार ने इस योजना को लेकर एक्ट बनाया था और इस एक्ट को केवल विधानसभा में निरस्त किया जाता है। इसको लेकर भी हिमाचल प्रदेश के लोकतंत्र प्रहरी नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व के साथ 14 मार्च 2023 को राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से मिलेंगे। इस अवसर पर भाजपा उपाध्यक्ष संजीव कटवाल, सचिव प्यार सिंह कंवर और कर्ण नंदा उपस्थित रहे।

## कुटलैहड़ कांग्रेस कमेटी की बैठक आज

**ऊना/राजन पुरी**
कुटलैहड कांग्रेस कमेटी की मीटिंग 10 मार्च सुबह दस बजे बंगाणा के निजी होटल में होगी। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष राम आसरा शर्मा करेंगे। इस मीटिंग में कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक देवेंद्र भुट्टो भी उपस्थित रहेंगे।

मीटिंग में कुटलैहड कार्यकारिणी के पदाधिकारी, यूथ कांग्रेस, एनएसयूआई, महिला कांग्रेस, सेवा दल व प्रदेश के पदाधिकारी व सभी संगठनों के पदाधिकारी आमंत्रित है। अध्यक्ष राम आसरा ने कहा कि कुटलैहड़ कांग्रेस कमेटी की बैठक में सभी पदाधिकारियों का आना अनिवार्य है।

# पालमपुर में खण्ड विकास कार्यालय खोला जाएगा: मुख्यमंत्री

## पालमपुर को आईटी हब के रूप में विकसित करने के लिए प्रयास जारी

**पालमपुर/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बजट में आवश्यक प्रावधान कर पालमपुर में खण्ड विकास कार्यालय खोलने की घोषणा की। इससे क्षेत्र के लोगों को सुविधा उपलब्ध होगी। मुख्यमंत्री बुधवार को पालमपुर में राज्य स्तरीय होली मेले के अवसर पर लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने पालमपुर में बस अड्डे के समीप पार्किंग सुविधा विकसित करने की घोषणा भी की, जिससे स्थानीय लोगों और पर्यटकों को सुविधा प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि पालमपुर को आईटी हब के रूप में विकसित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि कांगड़ा जिला को ष्पर्यटन राजधानीष के रूप में विकसित किया जा रहा है। इससे क्षेत्र के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ.साथ बुनियादी ढांचे को भी मजबूत



किया जा रहा है। कांगड़ा में हेलीपोर्ट बनाने के साथ ही गग्गल में मौजूद हवाई अड्डे के विस्तार की प्रक्रिया भी जारी है। इस हवाई अड्डे से न केवल कांगड़ा बल्कि पूरे राज्य को लाभ प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री ने दोहराया कि राज्य सरकार व्यवस्था परिवर्तन के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में सकारात्मक प्रयास किए जा रहे हैं। अनाथ बच्चों को प्राज्य के बच्चेष का दर्जा दिया गया है। इनके लिए मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना आरंभ की गई है जिसके तहत राज्य सरकार 6000 अनाथ बच्चों की देखभाल के लिए कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इन बच्चों की शिक्षा तथा जेब खर्च के लिए धनराशि उपलब्ध करवाएगी। इसके अतिरिक्त वर्ष में एक बार उनको भ्रमण करवाने के लिए हवाई यात्रा एवं तीन सितारा होटल में ठहराने के लिए पर्याप्त धनराशि भी उपलब्ध करवाएगी। उन्होंने कहा कि मंत्रिमण्डल की पहली बैठक में ही पुरानी पैंशन बहाल कर दी गई है। इससे राज्य के 1.36 लाख कर्मचारियों को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने अपनी पहली गारंटी को पूरा किया है और शेष गारंटी को भी चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर राज्य स्तरीय पालमपुर होली मेले की स्मारिका का विमोचन भी किया। इस अवसर पर कृषि मंत्री चंद्र कुमार, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर, मुख्य संसदीय सचिव किशोरी लाल और आशीष बुटेल,सहित आदि उपस्थित रहे।

## रस्साकशी में सुजानपुर और कबड्डी में हमीरपुर ने मारी बाजी



**हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**
सुजानपुर में चार दिवसीय राष्ट्र स्तरीय होली उत्सव-2023 के दौरान महिलाओं की रस्साकशी और पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। इनके अलावा महिलाओं और पुरुषों के लिए कुश्ती प्रतियोगिता भी आयोजित की गई।

महिलाओं की रस्साकशी प्रतियोगिता के फ इनल में विकास खंड सुजानपुर और विकास खंड टौणी देवी की टीमों ने जोर-आजमाइश की, जिसमें सुजानपुर की टीम ने बाजी मार ली। विजेता टीम को पांच हजार रुपये और उपविजेता को 3500 रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया। पुरुषों की कबड्डी प्रतियोगिता का फाइनल हमीरपुर ब्लॉक और नादौन ब्लॉक के बीच खेला गया, जिसमें हमीरपुर की टीम विजेता रही। कबड्डी की विजेता टीम को पुरस्कार के रूप में 6500 रुपये और उपविजेता को 3500 रुपये की राशि प्रदान की गई। कुश्ती प्रतियोगिता में दीपक ने फ इनल मुकाबला जीतकर 21 हजार रुपये एवं गुर्ज अपने नाम किया‌ए जबकि दूसरे नंबर पर रहे हमीरपुर के पहलवान बबलू को 17 हजार रुपये का पुरस्कार दिया गया।

## न्यूज फ्लैश

### अनुशासन से देश में सर्वश्रेष्ठ नागरिक व भविष्य के नेता तैयार होंगे: डॉ. चमन

**मंडी/खेमचंद शास्त्री**
वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभागाध्यक्ष व एनसीसी भारतीय वायु सेना विंग मंडी के फ्लाइट कमांडर, फ्लाइंग ऑफि सर डॉ. चमन लाल क्रांति सिंह ने रिवालसर के यूनिटी पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल के दो दिवसीय वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के दूसरे दिन में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। फ्लाइंग ऑफि सर डॉ. चमन ने यूनिटी पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल के सैकड़ों विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि एकता व अनुशासन से देश में सर्वश्रेष्ठ नागरिक व भविष्य के नेता तैयार होंगे। समाज का उत्थान समाज में शिक्षा की प्रगति पर निर्भर करता है। ज्ञान मानव जीवन का आधार है। देश व दुनिया में रिवालसर बौद्ध, हिंदू व सिख धर्म की त्रिवेणी के रूप में जाना जाता है। रिवालसर नालंदा विश्वविद्यालय के आचार्य रिंपोंचे पदम संभव, लोमस ऋ षि व गुरु गोविंद सिंह की तपोस्थली व कर्मभूमि रही है। रिवालसर पूरी दुनिया को मानवता, भाईचारे, शांति, करुणा, सत्य, अहिंसा, त्याग  व वीरता का संदेश देता है। रिंपोंचे पदम संभव व उनकी शिष्या राजकुमारी मंधरवा ने अपने जीवन का शिक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान देकर पूरी दुनिया को शिक्षा के महत्व से अवगत करवाया। शिक्षा का उद्देश्य नागरिकों को नैतिक और सामाजिक बनाना है। शिक्षा एक पवित्र संस्था है। स्कूल में मन सुसंस्कृत होते हैं। सभ्य नागरिक बनाने के लिए स्कूल एक पवित्र क्षेत्र है। विद्यार्थियों में अध्ययन, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, खेल, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट एवं गाइड, रोवर एवं रेंजर व सृजनात्मक गतिविधियों में शामिल कर नशे पर नकेल कसी जा सकती है। इस अवसर पर देश व प्रदेश की समृद्ध  संस्कृति की झलक सांस्कृतिक कार्यक्रमों में देखने को मिली विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करके सबका मन मोह लिया।  सोलो सांग में  दिक्षित प्रथम, रंगोली में दामिनी प्रथम, दिव्यांश, द्वितीय व हेमलता तृतीय स्थान पर रही। बैडमिंटन में खुशी, नूतन व भारती पहले तीन स्थानों पर रहे। भाषण प्रतियोगिता में कृतिका प्रथम, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में निखिल अस्मिता और शिवान की टीम प्रथम स्थान पर रही।

### लड़कियों के वायरल वीडियो को लेकर केस दर्ज

**ऊना/राजन पुरी**
जिला ऊना के एक होटल में एक युवती द्वारा दूसरी युवती को थप्पड़ जड ? का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल होने का मामला आखिरकार पुलिस के पास जा ही पहुंचा। पुलिस के पास पहुंची लिखित शिकायत में घटना करीब दो सप्ताह पुरानी बताई गई हैं। वीडियो में दिखने वाली युवतियां जिला के ही कॉलेज की छात्राएं हैं और बताया जा रहा है कि दोनों में पहले व्हाट्सअप पर ही झगड़ा हुआ, उसके बाद एक लडकी ने अन्य लड़कियों के साथ मिलकर इस लडकी को एक निजी होटल में बुलाया और उसके बाद एक लडकी ने बुलाई गई छात्रा को थप्पड़ मारने शुरू कर दिए और थप्पड़ मारने वाली लडकी की ही एक सहेली ने उसका वीडियो बनाना शुरू कर दिया। मामला तब ज्यादा भडक गया जब इस वीडियो को थप्पड़ मारने वाली लडकी द्वारा रील बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दिया। इसके बाद यह वीडियो रातों-रात वायरल होता चला गया। हालांकि फरवरी के अंत तक दोनों पक्षों में समझौता होने की बात सामने आई थी। लेकिन अब जिला बार एसोसिएशन ऊना के सदस्य अधिवक्ता रमेश सारथी ने वीडियो को लेकर अदालत के माध्यम से पुलिस के पास मामला दर्ज करवा दिया है। अधिवक्ता ने शिकायत में बताया कि लड़कियों द्वारा बुरी तरह पीटी गई लडकी नाबालिग और अनुसूचित जाति वर्ग से संबंध रखती है। उनका आरोप है कि घटना के बाद इस मामले को दबाने का पुरजोर प्रयास किया गया, जिसमें न केवल आरोपी छात्राएं अपितु कॉलेज के प्रिंसिपल और तहसीलदार घनारी भी इसमें शामिल रहे। अधिवक्ता का आरोप है कि युवती के साथ मारपीट करने वाली अन्य युवतियों में दो अभयपुर से एक कुनेरन से और एक गगरेट की निवासी है। उन्होंने कहा कि इस मामले को जबरन दबाया गया और जब उन्होंने पीड़ित छात्रा और उसके परिजनों से जाकर मुलाकात की तो मामले का खुलासा हुआ है जिसके बाद पीड़ित छात्रा और उसके परिजन इस घटना के संबंध में पुलिस के पास शिकायत दर्ज कराने को राजी हुए हैं।

## सडक दुर्घटना पर चिंतपूर्णी कॉलेज में बच्चों को किया जागरूक

**ऊना/राजन पुरी**
राजकीय महाविद्यालय चिंतपूर्णी में स्वास्थ्य विभाग अंब के सहयोग से सडक दुर्घटना पर हो रहे आकस्मिक मामलों को लेकर सडक सुरक्षा क्लब गतिविधि का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में प्रखंड स्वास्थ्य शिक्षक डॉ. राजेश कुमार ने कहा कि आज के दौर में युवा पीढ़ी के लिए सडकों पर सबसे ज्यादा अनचाही दुर्घटनाएं होना सबसे बड़ा मुद्दा हैं। उन्होंने कहा कि  सडक पर यात्रा शुरू करने से पहले आपको अपना लाइसेंस, आरसी, संबंधित वाहन का बीमा अवश्य रखना चाहिए। हमेशा सडक सुरक्षा से संबंधित नियमों और निर्देशों का पालन करें। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग द्वारा छात्रों और शिक्षकों का एचबी टेस्ट भी किया गया है। कार्यक्रम के अंत में सडक सुरक्षा क्लब के समन्वयक डॉ. विनोद कुमार ने छात्रों के बीच अपने अनुभव साझा करने के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय से डॉ. रेखा गुप्ता, डॉ. ज्योति शर्मा, डॉ. ऋचा शर्मा, महेश कुमार पराशर, नीलम शर्मा, डॉ. सुशांत कौशल, नीलम शर्मा, वीरेंद्र कुमार एवं राहुल ठाकुर उपस्थित रहे।

## प्यार, स्नेह व सदभावना का त्योहार है होली: कुलदीप सिंह पठानिया

**हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**
सुजानपुर का चार दिवसीय राष्ट्र स्तरीय होली उत्सव-2023 बुधवार को संपन्न हो गया। हिमाचल प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने उत्सव का समापन किया। इससे पहले उन्होंने भव्य शोभायात्रा में भाग लिया और ऐतिहासिक मुरली मनोहर मंदिर में पूजा अर्चना की। उन्होंने विभागीय प्रदर्शनियों का अवलोकन किया तथा सरस मेले का दौरा भी किया। इसके बाद उन्होंने शाम को चौगान के कला मंच पर दीप प्रज्वलन के साथ होली उत्सव की अंतिम सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों को होली उत्सव की बधाई एवं



शुभकामनाएं देते हुए कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि यह उत्सव आपसी प्यार‌ए स्नेह और सदभावना का त्योहार है। यह उत्सव हमें आपसी भाईचारे एवं सदभाव का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि इस पावन अवसर पर हम सब मिलजुल कर आगे बढने. का संकल्प लेते हुए हिमाचल प्रदेश को समृद्धि एवं खुशहाली के मार्ग पर अग्रसर करेंगे। कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि हम सब मिलकर चलेंगे और आगे बढ़ेंगे तथा देश की एकता एवं अखंडता को कायम रखने में हरसंभव योगदान देंगे। इस अवसर पर उपायुक्त एवं होली उत्सव आयोजन समिति की अध्यक्ष देबश्वेता बनिक ने विधानसभा अध्यक्ष और अन्य अतिथियों का स्वागत किया। विधानसभा अध्यक्ष ने भी उत्सव के सफल आयोजन के लिए उपायुक्त देबश्वेता बनिक और एसपी डॉ. आकृति शर्मा को सम्मानित किया। अंतिम सांस्कृतिक संध्या में बड़सर के विधायक इंद्र दत्त लखनपाल, स्थानीय विधायक राजेंद्र राणा, कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, बड़सर के पूर्व विधायक मनजीत सिंह डोगरा, प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता दीपक शर्मा, एडीसी जितेंद्र सांजटा, एसडीएम सुजानपुर एवं मेला अधिकारी डॉ. हरीश गज्जू, मेला पुलिस अधिकारी एवं एसपी अशोक ठाकुर और अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित थे।

## सेवानिवृत्त कर्मचारियों को संशोधित वेतन मान का बकाया भुगतान नहीं होने पर रोष

**नाहन/एसपी जैरथ**
हिमाचल के हजारों की संख्या में सेवानिवृत्त हुए सरकारी कर्मचारियों में सरकार के प्रति रोष बढ़ता ही जा रहा है क्योंकि उन्हें पिछले 2016 से संशोधित वेतनमान का बकाया देने में सरकार कई महीनों से लटकाए जा रहीं है। इन सेवानिवृत्त कर्मचारियों का कहना है कि मंहगाई दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है और उनका जीवन इस मंगाई के कारण बड़ी मुश्किल में पड़ रहा है। कर्मचारी नेताओं बाबू

**8 मंहगाई दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है और उनका जीवन इस मंगाई के कारण बड़ी मुश्किल में पड़ रहा है**

राम चौहान, रमेश धवन, सत्य पाल, साथअश्विनी कुमार आदि ने कहा कि पिछली भाजपा साथ सरकार ने संशोधित वेतनमान के एरियर को  देने के लिए पांच इंस्टालमेंट में अदा करने का वायदा किया था मगर एक इंस्टालमेंट ही दी गई उसके बाद भूल गए तथा तीन महीने बाद सरकार बदल गई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के नेताओं ने चुनाव प्रचार के दौरान सेवानिवृत्त कर्मचारियों के वायदा किया था कि उनकी सरकार आने के बाद पूरी बकाया राशि एक ही इंस्टालमेंट में अदा कर देंगे मगर अब तीन महीने बीत जाने के बाद भी सरकार बकाया राशि देने के लिए मंत्रीमंडल की बैठक में संशोधन अगवेतनमान के एरियर को अदा करने का जिक्र तक नहीं किया।

## अंब में शातिर ने एटीएम कार्ड बदलकर निकाले डेढ़ लाख

**ऊना/राजन पुरी**
पुलिस थाना अंब में मुख्यमंत्री सेवा संकल्प पत्र के जरिए अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज हुआ है। आरोपी ने एटीएम बदलकर पीड़ित के खाते से डेढ़ लाख रुपए निकाल लिए। पुलिस अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी अनुसार राकेश कुमार निवासी गांव चुआर तहसील अंब ने मुख्यमंत्री सेवा संकल्प पर शिकायत दायर की थी। जिसमें उसने किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा पीएनबी अंब के एटीएम से उसका एटीएम कार्ड बदलकर खाते से 1,52,500 रुपए निकाल लेने की बात कही।

## नशा निवारण एवं पुनर्वास केंद्र द्वारा बन्द्रोल में जागरूकता शिविर का आयोजन



**कुल्लू/श्याम कुल्वी**
महिला एकीकृत नशा निवारण एवं पुनर्वास केंद्र द्वारा ग्राम पंचायत बंदरोल में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें नशा निवारण के बारे में स्थानीय युवक-युवतियों को विभिन्न जानकारियां प्रदान की गई। मनोवैज्ञानिक दिव्या भारद्वाज ने कहा कि नशा एक बहुत ही भयंकर बुराई है इससे बचने के लिए इससे होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जानना आवश्यक है।नशे के गिरफ्त में आये युवक-युवतियों का इलाज संभव है यदि समय रहते हुए उन्हें नशा निवारण केंद्र में लाया जाए तथा विभिन्न प्रकार के औषधियां एवं उपचार से उन्हें नशे की लत से बाहर निकाला जा सकता है। उन्होंने बताया कि नशा मुक्ति केन्द्र में इसके लिए डॉक्टरों की देखरेख में उचित परामर्श एवं दवाइयों के साथ-साथ मेडिटेशन, योगा, खेल एवं विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से नशे के व्यसनी महिला व पुरुषों को नशे की लत से बाहर निकाला जाता है। परियोजना समन्वयक अनिता ठाकुर ने कहा कि भून्तर स्थित नशा मुक्ति केंद्र में मरीज का उपचार वाहय रोगी या आवासीय रोगी के रूप में किया जाता है। वाहय रोगीयों को निःशुल्क दवाईयां दी जाती है तथा मनोविज्ञानिक/काउंसलर द्वारा रोगी तथा उसके परिवार के सदस्यों के लिए परामर्श सत्रों  का आयोजन किया जाता है।

गम्भीर लक्षणों वाले रोगियों को उनकी सहमति से केन्द्र में भर्ती किया जाता है। आमतौर पर ऐसे रोगियों को 21 दिनों से 30 दिनों तक केन्द्र में ईलाज किया जाता है तथा उपचाराधिन रोगियों को डॉक्टर तथा स्टाफ  नर्सों की निगरानी में उनके बीपीए तापमान तथा अन्य लैब टैस्ट करवाए जाते है।

## पूर्व शिक्षा मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने साधा कांग्रेस पर निशाना

**कुल्लू/श्याम कुल्वी**
भाजपा के बरिष्ठ नेता एवं पूर्व शिक्षा मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि पूर्व जयराम सरकार ने संस्कृत को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में कक्षा तीसरी से ही संस्कृत को शुरू करने का निर्णय लिया था परंतु सुक्खू की संस्कृत विरोधी सरकार अभी सरकारी विद्यालयों में इसे अभी शुरू करने से आनाकानी कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश भर के स्कूलों में शिक्षा बोर्ड ने तीसरी कक्षा से संस्कृत की पढ़ाई के लिए किताब तक छपवा कर स्कूलों को भेज दी हैं, लेकिन प्रारंभिक शिक्षा



निदेशालय ने इस किताब को शुरू करने से इनकार कर दिया और इस मामले में अपनी अनभिज्ञता जताई है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश शिक्षा बोर्ड के माध्यम से जो पुस्तकें छपी है जो स्कूल के बच्चों को मिलनी हैं उनकी कीमतें कई गुणा बढ़ाकर प्रदेश के बच्चों और अभिभावकों को नई सरकार का तोहफा दिया है। वहीं गोविंद सिंह ठाकुर ने प्रदेश की सुक्खू सरकार पर आरोप लगाया है कि अपनी चुनावी गारंटीयों को पूरा करने के लिए यह सरकार अब राज्यों के छात्रों के साथ खिलवाड़ कर रही है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार की मदद से हिमाचल प्रदेश के लगभग 8.50 लाख बच्चों को निशुल्क वर्दी दी जाती है जो सुचारू रूप से मिलती आ रही हैं लेकिन अभी वर्तमान कांग्रेस सरकार ने इस निशुल्क वर्दी को अब पहली से आठवीं कक्षा की सभी बेटियों और एससीए एसटी व बीपीएल परिवारों के लडकों को ही देने का निर्णय लिया है।

उन्होंने कहा कि नौवीं से बारहवीं कक्षा तक सभी वर्गों के छात्र-छात्राऐं निशुल्क वर्दी योजना के दायरे से बाहर। उन्होंने कहा कि जहां पूर्व की भाजपा सरकार द्वारा पहले 8.50 लाख विद्यार्थियों को निःशुल्क बर्दी दी जाती थी मिलती थी परंतु अब केवल 3.70 लाख तक ही सीमित हुई। उन्होंने कहा कि इस जनविरोधी सरकार ने सरकारी विद्यालयों में 5 लाख विद्यार्थियों को निशुल्क वर्दी से बाहर किया गया है जिसकी वह घोर निंदा करते हैं।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवसइ्र विभिन्न क्षेत्रों में सर्वश्रेष्ठ योगदान देने वाली महिलाओं को किया सम्मानित

**मंडी/खेमचंद शास्त्री**
अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मंडी की सांस्कृतिक संस्थाओं यूनाइटेड थिएटर विलेज एवं नृत्य तपस द्वारा भाषा एवं संस्कृति विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सम्मान समारोह एवं नाटयोत्सव का आयोजन स्थानीय एसवीएम स्कूल महाजन बाजार में किया गया। इस अवसर पर धर्मपुर के विधायक चंद्रशेखर ने बतौर मुख्यअतिथि शिरकत की। अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अपने-अपने क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। जिनमें साहित्य में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने वाली वरिष्ठ साहित्यकार रेखा वशिष्ठ, लोकगायिका, कवयित्री एवं अभिनेत्री रूपेश्वरी शर्मा, शिक्षाविद सोमा राणा, मीनू ठाकुर, समाजसेवी सरिता हांडा और कुमारी सुमन को शॉल टोपी और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अपने संबोधन में विधायक चंद्रशेखर ने कहा कि महिलाएं मानवता, शक्ति और ऊर्जा की स्रोत होती हैं। उन्होंने कहा कि विश्व में कोई भी युद्ध हुआ है उसमें मां का आंचल ही उजड़ा है। उन्होंने कहा कि महिलाएं हर दौर में व्यवस्था की खामियों को झेलती हैं।



उन्होंने कहा कि समाज में नशाखोरी का प्रचलन युवा पीढ़ी में बढ़ रहा है जो चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि मायें अपनी जिम्मेदारी को निभाते हुए नशे की बुराई के खिलाफ  आगे आएं और अगली पीढ़ी को इससे बचानें का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि साहित्य और संस्कृति के क्षेत्र में मंडी का अपना एक मुकाम रहा है। उन्होंने कहा कि भले ही वे मंडी जिला से एकमात्र कांग्रेस के विधायक हैं मगर मंडी को कोई पीछे नहीं धकेल पाएगा। मंडी शहर में कला संस्कृति और रंगमंच को प्रोत्साहन दिया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि वे स्वयं भी मंडी शहर में शिक्षा ग्रहण करते हुए नुक्कड़ नाटकों से जुड़े रहे हैं। मंडी परुानी विरासत को आगे ले जाने के साथ-साथ हिमाचल का सांस्कृतिक चेहरा भी है। प्रजामंडल और मुजारा आंदोलन में मंडी जिला का योगदान रहा है। वहीं पर मंडी रियासत की सीमाओं को सुरक्षति रखने में सबसे मजबूत किला कमलाहगढ़ धर्मपुर क्षेत्र में ही है। जहां से वे विधायक चुनकर आए हैं। इस अवसर पर नृत्य तपस नाट्य अकादमी के कलाकारों ने कृष्ण लीला पर आधारित झूला नृत्य और अन्य शास्त्रीय नत्य की प्रस्तुतियां पंडित लतेश और उनकी शिष्याओं ने दी। इसके अलावा मंडी रियासत की रानी खैरगढ़ी  के जीवन पर आधारित नृत्य नाटिका का मंचन रंगकर्मी दक्षा शर्मा और यूनाइटेड थियेटर एंड आर्ट विलेज संस्था के कलाकारों द्वारा किया गया। वहीं पर वरिष्ठ साहित्यकार धर्मपाल कपूर द्वारा लिखित एवं दक्षा शर्मा द्वारा निर्देशित नाटक अपनी शर्तों पर का प्रभावशाली मंचन किया गया।

महिला सशक्तिकरण पर आधारित नाटक में बताया गया कि आज के समाज में भी महिला को दोयम दर्जे का मानते हुए उसे महज भाग विलास की वस्तु ही माना गया है। जिसमें नाटक की मुख्य किरदार द्वारा बगावत कर गले में पड़े मंगलसूत्र के बंधन को तोडक? मुक्ति की दिशा में कदम रखती है। उधर कोटली में नैना फेडरेशन की ओर से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम में सदर पंचायत समिति के उपाध्यक्ष भुवनेश ठाकुर और जिला परिषद सदस्य कमलेश कुमारी ने शिरकत की । नैना फेडरेशन कोटली की प्रधान दमा ठाकुर ने बताया कि इस दौरान अपने क्षेत्र में अच्छा कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि जब महिलाओं का सम्मान होगा तो एक विकसित व शिक्षित राष्ट्र का निर्माण संभव है।

# मुख्यमंत्री ने पालमपुर उपमण्डल में चंदपुर-सिंबलू संपर्क सड़क के उन्नयन कार्य का किया शिलान्यास

**फतेहपुर/वियज समयाल**

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बुधवार को कांगड़ा जिला के पालमपुर उपमण्डल के तहत भरमात में 7.28 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होने वाली 9.30 किलोमीटर लम्बी कुलानी-चंदपुर-भरमात-सिंबलू पट्टी सडक के उन्नयन कार्य का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को इस परियोजना को 18 माह के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पहाड़ी राज्य होने के कारण हिमाचल प्रदेश में सडकें सम्पर्क का मुख्य साधन हैं, इसलिए राज्य सरकार प्रदेश में सडकों के निर्माण को प्राथमिकता प्रदान कर रही है। इस अवसर पर पालमपुर में मीडिया के प्रतिनिधियों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने



कहा कि गग्गल हवाई अड्डे के विस्तार से क्षेत्र के लोगों को लाभ होगा और आने वाले समय में स्थानीय स्तर पर लोगों को रोजगार के नए अवसर उपलब्ध होंगे। उन्होंने कहा कि इससे पर्यटकों को भी काफी सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार ने कांगड़ा में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए गंभीर प्रयास नहीं किए, लेकिन वर्तमान राज्य सरकार जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान दे रही है। सरकार कांगड़ा जिले को राज्य की पर्यटन राजधानी बनाने की दिशा में काम कर रही है। इसके लिए एक कार्य योजना तैयार की जा रही है। क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए यहां बुनियादी सुविधाओं के विस्तार पर विशेष बल दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश का संतुलित और समग्र विकास सुनिश्चित करने के लिए कार्य कर रही है।

राज्य सरकार के इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए लोगों का सहयोग आवश्यक है। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने संस्थानों की डी-नोटिफि केशन के संबंध में एक सवाल के जवाब में कहा कि राज्य सरकार आवश्यकतानुसार संस्थान खोलेगी। उन्होंने कहा कि पिछली भाजपा सरकार ने अपने कार्यकाल के अंतिम छह माह में सिर्फ चुनावों के मद्देनज? 900 से अधिक संस्थान खोाले और स्तरोन्नत किए। इस निर्णय से राज्य के खजाने पर 5000 करोड़ रुपये का अतिरिक्त वित्तीय बोझ पड़ रहा था। इसके अतिरिक्त वर्तमान प्रदेश सरकार को 75 हजार करोड़ रुपये का ऋ ण विरासत में मिला है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सीआईएसआर-आईएचबीटी पालमपुर स्थित ट्यूलिप गार्डन का भी दौरा किया और इसमें विशेष रुचि दिखाई। इससे पहले पालमपुर पहुंचने पर लोगों ने मुख्यमंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर, मुख्य संसदीय सचिव किशोरी लाल एवं आशीष बुटेल, सहित आदि उपस्थित रहे।

# जयराम ठाकुर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मनाया होली का पावन पर्व

**शिमला/चमन शर्मा**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने भाजपा के कार्यकताओं के साथ अपने शिमला स्थित निवास पर होली मनाई, इस दौरान हजारों कार्यकताओं ने उनके साथ होली के पावन पर्व की मनाया। इस रंगों के त्यौहार पर सब ने नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर को होली के रंग भी लगाए। जयराम ठाकुर ने इस अवसर पर सभी प्रदेशवासियों एवं कार्यकताओं को होली की शुभकामनाएं दी और सभी प्रदेशवासियों के अच्छे स्वास्थ्य की मनोकामना की। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल, शांता कुमार, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कश्यप, प्रदेश प्रभारी अविनाश राय खन्ना,



सह प्रभारी संजय टंडन और अनेकों वरिष्ठ नेताओं से दूरभाष के माध्यम से वार्ता की और उनको भी शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विधायक बलबीर वर्मा, इंदर सिंह गांधी, पूर्व मंत्री सुरेश भारद्वाज, प्रत्याशी संजय सूद, गणेश दत्त, कर्ण नंदा, महेंद्र धमार्नी, संजीव कटवाल, राजेश शारदा, विजय परमार, रवि मेहता, बिलाल, विदुषी, किमी, पूर्व पार्षदगण विशेष रूप में उपस्थित रहे।

## न्यूज फ्लैश

### पंजोआ लडोली में जूट बैग निर्माण प्रशिक्षण शिविर का समापन

**ऊना/राजन पुरी**

राष्ट्रीय कृषि व ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के सौजन्य से पंजोआ लडोली में स्वयं सहायता समूह व संयुक्त देयता समूह की सदस्यों के लिए 15 दिवसीय जूट बैग बनाने का सूक्ष्म उद्यमिता विकास प्रशिक्षण शिविर का समापन हो गया। शिविर के दौरान महिलाओं को जूट के बैग बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। शिविर के समापन के मौके पर बतौर मुख्यातिथि पहुंचे नाबार्ड के जिला प्रबंधक अरुण कुमार ने महिलाओं को बैंक द्वारा चलाई जा रही विभिन्न प्रकार की योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शिविर के दौरान करीब तीस महिलाओं जूट के बैग तैयार करने का प्रशिक्षण प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण लेने के बाद महिलाएं को रोजगार आरंभ करने में उपयोगी साबित होता। इस अवसर पर आरती, वूमैन वेल्फेयर सोसायटी की चेयरमैन राजरानी के साथ स्वयं सहायता समूह के सदस्य अंजना सहित कई उपस्थित रहे।

### बरनोह में कुत्ते के काटने से महिला जख्मी

**ऊना/राजन पुरी**

थाना ऊना के तहत बरनोह में पालतु कुत्ते के काटने से एक महिला बुरी तरह से जख्मी हो गई। महिला को स्थानीय लोगों की सहायता से ईलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। वहीं पुलिस ने महिला की शिकायत पर कुत्ते के मलिक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में दीक्षा ठाकुर निवासी बरनोह ने बताया कि बुधवार शाम को अपनी सहेली के घर गई थी।

### स्कोडा ऑटो इंडिया ने स्कोडा सिंगल विकेट टूर्नामेंट सीजन 2 की घोषणा की

**मंडी:** स्कोडा ऑटो इंडिया ने स्कोडा सिंगल विकेट टूर्नामेंट के दूसरे सीजन की घोषणा की है। पूरे देश में 59 शहरों और 32,000 से अधिक युवा क्रिकेट खिलाड़ियों को कवर करने के उद्देश्य के साथ स्कोडा सिंगल विकेट टूनार्मेंट सीजन 2 की शुरूआत 28 अप्रैल से होगी। स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड डायरेक्टर,पेट्र सॉल्क ने कहा, स्कोडा ऑटो इंडिया में हम जो कुछ भी करते हैं उसके केंद्र में हमेशा हमारे ग्राहकों को प्राथमिकता दी जाती है और लोगों से जुड़ाव बनाया जाता है। प्रतियोगिता और कौशल के अलावा खेल का मतलब मानवीय भावनाओं का उत्सव मनाना भी है। स्कोडा सिंगल विकेट प्रतियोगिता युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक विश्वसनीय और अनोखा प्लैटफॉर्म उपलब्ध कराता है। भारत में भारी संख्या में मौजूद प्रतिभाओं को प्रेरित और तैयार करना और पूरे देश में नए परिवारों तक स्कोडा ब्रांड लेकर जाना हमारे लिए गर्व की बात है। उल्लेखनीय है कि स्कोडा सिंगल विकेट टूर्नामेंट ने इस सीजन में लड़कियों के लिए अंडर-16 कैटेगरी की नई शुरुआत की है। इस टूर्नामेंट में 59 शहरों से क्रिकेट खेलने वाली सर्वोत्तम लड़कियों को चुना जाएगा।सभी कैटेगरीज के लिए शहरों में होने वाले ट्रायल्स और फाइनल्स इस साल अप्रैल और मई के महीनों में आयोजित किए जाएंगे और कुल 180 लड़के अंडर-12 और अंडर-16,और लड़कियाँ अंडर-16 मुंबई में मई में नेशनल फाइनल खेलेंगे। स्कोडा सिंगल विकेट टूर्नामेंट में छह.बॉल बैटिंग और छह.बॉल बॉलिंग का फॉर्मैट है जो अंडर-12 और अंडर-16 कैटेगरी के लड़कों और अंडर-16 कैटेगरी की लड़कियों के लिए खुला है जहाँ उन्हें चयनकर्ताओं के एक पैनल के सामने अपने बॉलिंग और बैटिंग का कौशल प्रदर्शित करने का मौका मिलेगा जो उनके द्वारा प्रत्येक बॉल पर की गई बैटिंग और डाली गई प्रत्येक बॉलिंग पर पॉइंट्स देंगे। 59 शहरों में निर्धारित स्कोडा ऑटो जोन्स में प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

स्कोडा ऑटो इंडिया ने स्कोडा सिंगल विकेट माइक्रोसाइट पर टूर्नामेंट के लिए डिजिटल रजिस्ट्रे शन कराने की शुरूआत कर दी है। आज से प्रतिभागी अपने निकटतम एसएसडबल्यू शहर में सिटी ट्रायल्स में अपना पंजीकरण करवाने के लिए वेबसाइट पर लॉगइन कर सकते हैं।

# कुलदीप पठानिया विधानसभा अध्यक्ष की भूमिका निष्पक्ष रूप से निभाएं : परमार

**शिमला/चमन शर्मा**

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं विधायक विपिन सिंह परमार ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय होली समारोह सुजानपुर के मौके पर विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया की उपस्थिति से हमें आपत्ति नहीं, पर जिस प्रकार से उन्होंने वहां अपना वक्तव्य रखा वो एक विधानसभा अध्यक्ष पद की गरिमा में नहीं है। जिस प्रकार से उन्होंने बातचीत करते हुए एक कांग्रेस के प्रवक्ता की भूमिका निभाई उससे विधानसभा अध्यक्ष के आसन की धज्जियां उड़ गई। उन्होंने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष को पता होना चाहिए कि यह पद एक राजनीतिक व्यवस्था नहीं है परंतु एक संवैधानिक व्यवस्था है। जिस प्रकार से उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के ऊपर टिप्पणी की वह पूर्ण रूप से दिखाता है कि वह एक राजनीतिक प्रवक्ता की भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं । ऐसा नहीं होना चाहिए और इस प्रकार की वाणी दुर्भाग्यपूर्ण है।

एक विधानसभा अध्यक्ष का कार्य पूरे सदन को साथ चलाना होता है ना केवल सत्ता का पक्ष रखना।

# नाहन बाजार पर सब्जी व अन्य दुकानदारों ने किया अवैध कब्जा

**नाहन/एसपी जैरथ**

फ ायर सीजन शुरू होते ही बेहतरीन साजो सामान से सुसज्जित फ ायर डिपार्टमेंट पर प्रशासनिक अव्यवस्था भारी पड़ती नजर आ रही है। इसकी बड़ी वजह तंग गलियों वाले बाजार पर तहबाजारियों और अवैध कब्जा धारियों का कब्जा है

सबसे ज्यादा बुरा हाल दिल्ली गेट से बड़ा चौक की ओर जाते हुए ठीक साइंस ब्लॉक के नीचे दर्जनों सब्जी विक्रेताओं ने फडी लगाकर पूरी सडक को कब्जे में ले लिया है। अब ऐसे में यदि शहर के बीच घनी आबादी में या किसी दुकान में कोई आगजनी की घटना हो जाती है तो बाजार में किसी भी तरह का फ ायर टेंडर इंटर नहीं कर पाएगा। जानकारी



तो यह भी है कि अवैध कब्जा धारी सब्जी विक्रेताओं से एमसी के द्वारा पैसे भी लिए जाते हैं। हालांकि जिला प्रशासन के द्वारा सब्जी उगाने वाले स्थानीय किसानों को शमशेर बॉयज स्कूल के साथ बैठने की जगह दिलाई गई थी। जिसके बाद यह स्थानीय किसान सब्जी बेचने के लिए आयुर्वेदिक अस्पताल के ठीक सामने दिल्ली गेट के पास बैठना शुरू हो गए। चूंकि ऑफ सीजन में लोकल सब्जियां होती नहीं है ऐसे में ना केवल स्थानीय किसान बल्कि अन्य लोगों ने भी मुफ्त की जगह में सब्जी बेचने का धंधा शुरू कर दिया। इसका सबसे बड़ा नुक्सान दशकों से बड़ा चौक में बैठे स्थानीय सब्जी विक्रेताओं को हुआ। वही पूरा का पूरा बाजार एक दूसरे को देखते हुए अवैध कब्जा धारियों से पट गया। अब हालात यह है कि ना केवल अवैध फडी कब्जा धारी बल्कि स्थाई रूप से दुकान चलाने वाले दुकानदारों ने भी दुकानों के बाहर तहबाजारी का धंधा शुरू कर दिया। जिसके चलते लोगों का पैदल चलना भी दूभर हो गया है। ऐसे में यदि कहीं भी आगजनी की घटना हो जाए तो संभवत जब सब कुछ जलकर खाक हो जाएगा तब कहीं जाकर अग्निशमन विभाग अपने साजो सामान के साथ घटनास्थल पर पहुंच पाएगा। हैरानी तो इस बात की भी है कि यहां बेचे जाने वाली सब्जियां फल फ्रूट किस गुणवत्ता के हैं उसको लेकर भी सवालिया निशान लग जाते हैं।

# अदानी को क्रोनी कैपिटिलिज्यम के तहत लाभ पहुंचाने के विरोध में कांग्रेस का धरना प्रदर्शन

**चंबा/हामिद**

केंद्रीय सरकार द्वारा अडानी समूह को क्रोनी कैपिटिलिज्यम के तहत बहुतायत आर्थिक लाभ पंहुचाने के विरोध मे कांग्रेस पार्टी प्रदेशाध्यक्ष एंव सांसद प्रतिभा सिंह के निर्देशन मे वीरवार को चम्बा में हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम के संयोजकों द्वारा भारतीय जीवन बीमा निगम कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया गया। इस दौरान चम्बा सदर के विधायक नीरज नैयर व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चम्बा के अध्यक्ष करतार सिंह ठाकुर की अगुवाई मे ब्लाक



कांग्रेस कमेटी चम्बा, कांग्रेस सेवादल, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई, युवा कांग्रेस, कांग्रेस पार्टी एससी विभाग, कांग्रेस पार्टी एसटी विभाग कांग्रेस पार्टी अल्पसंख्यक विभाग, इंटक, राजीव गांधी पंचायती राज विभाग व लीगल सैल के पदाधिकारियों ने जमकर केंद्रीय सरकार के विरुद्ध नारेबाजी की।

### जनहित मोर्चा ने 28 लवारिस शवों की अस्थियों का किया विसर्जन

**ऊना/राजन पुरी**

जिला ऊना में लावारिस शवो के अस्थि विसर्जन को लेकर लगातार पिछले 16 वर्षों से ऊना जनहित मोर्चा कार्य कर रहा है। गत्त दिवस ऊना जनहित मोर्चा की टीम ने चेयरमैन हरिओम गुप्ता के नेतृत्व में हरिद्वार में पहचान के मोहताज 28 शवों की असथियों का विधि पूर्वक विसर्जन किया। हरिद्वार के सती घाट पर पूजा अर्चना के साथ जहां विसर्जन किया गया, वहीं हर की पौड़ी पर पवित्र आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की गई।

# आल्टो कार से 3.32 ग्राम चिट्टा बरामद, पिंजौर की ओर से आ रही कार में तीन लोग थे सवार

**परवाणू/ विमल ग्रोवर**

पुलिस थाना परवाणू के अंतर्गत टीटीआर चौंक के समीप नियमित यातायात जांच के दौरान परवाणू पुलिस को चिट्टा पकड ? में कामयाबी हासिल हुई। पिंजौर की तरफ से आ रही एक आल्टो कार से पुलिस ने 3.32 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। कार में तीन लोग सवार थेद्य पुलिस ने इस संदर्भ में मामला दर्ज कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार परवाणू पुलिस टीटीआर चौक परवाणू के समीप यातायात चेकिंग पर मौजूद थी। उस समय करीब 6 बजे शाम एक आल्टो कार नंबर एचपी-64-1304 टिपरा की तरफ से आई, जिसे चेकिंग के लिए रोका गया। इस दौरान कार में चालक के अलावा 2 अन्य व्यक्ति बैठे थे। एक व्यक्ति चालक के साथ वाली सीट पर व एक व्यक्ति पिछली सीट पर बैठा था। जब पुलिस ने कार चालक से गाड़ी के कागजात मांगे तो उसी समय साथ वाली सीट पर बैठा व्यक्ति एक दम सहम गया व डैशबोर्ड खोल कर कुछ निकालने लगा। वह डैशबोर्ड से एक प्लास्टिक की पुड़ियो को इधर-उधर छुपाने लगा। ऑल्टो में बैठे व्यक्तियों से पुलिस द्वारा पूछताछ के दौरान चालक सीट पर बैठे व्यक्ति ने अपना नाम सूरज पुत्र मनसुख, गाँव घड़सी कुकाना, कोट तह. कसौली जिला सोलन हि.प्र. उम्र 25 साल, चालक के साथ वाली सीट पर बैठे व्यक्ति ने अपना नाम हरप्रीत पुत्र मृगेन्द्रजीत, हाल रिहाइश गाँव धर्मपुर आईटीआई, तह. कसौली जिला सोलन हि.प्र. व उम्र 26 साल तथा पिछली सीट पर बैठे व्यक्ति नें अपना नाम गौरव शर्मा पुत्र दुर्गादत्त शर्मा गाँव कोटी डा. जाबली तह. कसौली जिला सोलन हि.प्र. उम्र 30 वर्ष बतलाया।


गाडी की चेकिंग के उपरान्त हरप्रीत द्वारा कार के डैशबोर्ड से निकाली प्लास्टिक पुडि ?ा से बरामद पदार्थ को पुलिस द्वारा चैक किया गया तो उस पुडि ?ा में चिट्टा पाया गया। जिसका कुल वजन प्लास्टिक पुडि ?ा सहित 3.32 ग्राम पाया गया। उपरोक्त मामले की पुष्टि परवाणू के डीएसपी प्रणव चौहान ने की है।

उन्होंने बताया की चिट्टा रखने व बेचने वालों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा। मामले की कार्रवाई जारी है।

# पठानिया ने किया राइजिंग स्टार पब्लिक स्कूल का शुभारंभ

**चंबा/हामिद**

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पंचायत उदयपुर में सीबीएसई से मान्यता प्राप्त राइजिंग स्टार वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का विधिवत तौर पर शुभारंभ किया। इस अवसर पर स्थानीय विधायक नीरज नैयर विशेष रूप से उपस्थित रहे। विधानसभा अध्यक्ष ने स्कूल प्रबंधन की तारीफ करते हुए कहा कि राइजिंग स्टार स्कूल प्रबंधन द्वारा जिला में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि



उदयपुर में खोला गया स्कूल विद्यार्थियों को सीबीएसई पाठ्यक्रम उपलब्ध करवाने के अतिरिक्त विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इसके पश्चात उन्होंने स्कूल भवन का अवलोकन किया और राइजिंग स्टार स्कूल के अध्यक्ष संजीव सूरी के उनके पिता स्वर्गीय मदनलाल सूरी द्वारा जगाई गई शिक्षा की लौ को जागृत रखने के लिए बधाई भी दी। विधायक नीरज नैय्यर ने अपने विचार साझा करते हुए स्कूल के अध्यक्ष संजीव सूरी को बधाई देते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में स्कूल प्रबंधन अपनी शैक्षणिक गतिविधियों के अलावा बच्चों को बहुआयामी गतिविधियों से जोडकर नई ऊंचाइयों को छुएगा। इस मौके पर राइजिंग स्टार सीनियर सेकेंडरी स्कूल के अध्यक्ष संजीव सूरी ने विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया और विधायक नीरज नैय्यर को शॉल, टोपी और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

# मुख्यमंत्री ने आईजीएमसी में निर्मित बहुमंजिला ट्रॉमा ब्लॉक का लोकार्पण किया

**शिमला/चमन शर्मा**

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गत दिवस को इंदिरा गांधी राजकीय आयुर्विज्ञान महाविद्यालय आईजीएमसी के नए ओपीडी ब्लॉक में लगभग 30.90 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित ट्रॉमा ब्लॉक का लोकार्पण किया। ट्रॉमा ब्लॉक के इस बहुमंजिला भवन में फिजियोथैरेपी वार्ड, स्पेशल वार्ड, आपातकालीन चिकित्सा इकाई, गहन देखभाल इकाई आईसीयू बेड, आईसोलेशन वार्ड सहित सीटी स्कैन, एक्स-रे, सैंपल एकत्रीकरण केंद्र तथा पैथोलॉजी प्रयोगशाला की सुविधा उपलब्ध करवाई गई है। घायलों व गंभीर रोगियों के उपचार संबंधी वरीयता के लिए यहां अलग



व्यवस्था की गई है। अन्य आपात सेवाओं के साथ-साथ यहां पर डॉक्टर, नर्स तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी के कक्ष, रोगियों के बैठने के लिए स्थान तथा अन्य जनोपयोगी सेवाएं भी उपलब्ध होंगी। मुख्यमंत्री ने इस अवसर नए ओपीडी परिसर का अवलोकन किया और रोगियों,उनके परिचारकों तथा अस्पताल स्टाफ के साथ संवाद भी किया। उन्होंने कहा कि इस ब्लॉक के निर्माण से लोगों को गुणवत्तापूर्वक स्वास्थ्य सेवाएं मिलने के साथ-साथ यहां सेवाएं देने वाले डॉक्टरों एवं अन्य पैरा मेडिकल स्टाफ को कार्य करने के लिए उचित वातावरण भी प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि आईजीएमसी में मशीनरी तथा उपकरणों के लिए 12 करोड़ रुपए व्यय किए जा रहे हैं। यह उपकरण व मशीनरी, संस्थान के सर्जरी, ऑर्थोपीडिक्स, न्यूरो-सर्जरी, रेडियोलॉजी तथा एनस्थिजिया विभाग में उपयोग में लाए जाएंगे। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए नए दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ रही है। प्रदेश के चिकित्सा महाविद्यालयों में आपातकालीन चिकित्सा को सुदृढ़ करने के लिए अलग से विभाग स्थापित किए जाएंगे। इसमें प्रत्येक 6 बिस्तर में दाखिल मरीजों की सुविधा के लिए एक नर्स तथा 10 बिस्तर में मरीजों की सुविधा के लिए चिकित्सक की व्यवस्था होगी। गहन देखभाल केंद्र आईसीयू में प्रत्येक बिस्तर में मरीजों की सुविधा के लिए एक नर्स की व्यवस्था की जाएगी। यहां विशेषज्ञ चिकित्सा भी तैनात किए जाएंगे।मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिए अनेक कदम उठा रही है। प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों में रोबॉटिक सर्जरी की सुविधा प्रदान की जाएगी ताकि लोगों को विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकें।

# मुख्यमंत्री ने राज्य सतर्कता ब्यूरो के पौधरोपण अभियान का शुभारंभ किया

**शिमला/चमन शर्मा**

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गत दिवस को राज्य सतर्कता ब्यूरो द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित पौधरोपण अभियान का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने सतर्कता ब्यूरो के मुख्यालय के समीप सरू प्रजाति के 'क्रिप्टोमेरियाइ का पौधा रोपित किया। इस वर्ष महिला दिवस की विषयवस्तु डिजिट ऑल लैंगिक समानता में नवोन्मेष एवं प्रौद्योगिकी है। इस पौधरोपण अभियान की थीम 'नागरिकों की सुरक्षा के साथ पर्यावरण की रक्षाइ रखी गई है। मुख्यमंत्री ने इस अभियान की सराहना करते हुए कहा कि महिलाओं ने अपनी प्रत्येक जिम्मेवारी एवं कर्तव्य का सदैव पूर्ण निष्ठा से निर्वहन किया है। उन्होंने

उत्तर रेलवे

G20

आजादी का अमृत महोत्सव

ई–निविदा

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | अम्बाला डिविजन के अधीन वरिष्ठ मंडल अभियंता/... के सेक्शन में विभिन्न पुलों के लिए TBC3R (H-Beam) से संबंधित कार्य। | | |
| अनुमानित लागत(₹) | ₹5,32,26,846/- | अग्रिम राशि(₹) | ₹4,16,100/- |
| कार्य समाप्ति का समय | 12 महीने | निविदा खुलने की तिथि | 31.03.2023 |

www.ireps.gov.in

खुली निविदा संख्या: 50–अम्बाला/2022-23 दिनांक: 09.03.2023 732/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

